कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकरकन्यास्नातकोत्तरमहाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोडदुर्ग (छ.ग.)
पूर्वनाम–शासकीय कन्यामहाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 25.11.2025

# //प्रेस विज्ञप्ति//

## कन्या महाविद्यालय द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान

उच्च शिक्षा के क्षेत्र में छत्तीसगढ़ प्रदेश की सकल नामांकन अनुपात बढ़ाये जाने हेतु एवं महाविद्यालय में स्वीकृत सीट पर शतप्रतिशत प्रवेश करने हेतु शासन द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान आरंभ किया गया है। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रंजना श्रीवास्तव के द्वारा महाविद्यालय में शतप्रतिशत प्रवेश सुनिश्चित करने हेतु महाविद्यालय के प्राध्यापकों को दिशा निर्देश प्रदान किया गया तथा उक्त अभियान को सफल बनाने हेतु महाविद्यालय स्तर 4 टीमों का गठन किया गया है जिसके अंतर्गत आदर्श कन्या उ.मा. विद्यालय दुर्ग, शासकीय उ.मा. विद्यालय बोरसी दुर्ग, तिलक कन्या उ.मा. विद्यालय दुर्ग, एवं स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ठ हिंदी/अंग्रेजी हायर सेकेंडरी विद्यालय बोरसी दुर्ग, दाऊ ररु प्रसाद राष्ट्रीय उ.मा. विद्यालय दुर्ग का चयन किया गया। टीम क्रमांक 02 की कार्यक्रम प्रभारी डॉ. मंजुलता साव ने अभियान दल का परिचय देते हुए इस अभियान के उद्द्श्य से छात्राओं को अवगत कराया। महाविद्यालय की आधारभूत संरचना से लेकर महाविद्यालय में संगठित प्रकोष्ठ एवं विद्यार्थियों की उपलब्धियों एवं नईशिक्षा नीति (NEP) की संपूर्ण जानकारी पीपीटी/वीडियो/फोटोग्राफ वीडियो के माध्यम से दी गई। जिसके तहत् महाविद्यालय प्रवेश प्रक्रिया, संचालित विषय, प्रवेश फीस, वेबसाईट, लाइब्रेरी, कॉमनरुम, मोबाईल स्वास्थ्य सुविधा, एंटी रैगिंग, हेल्पडेस्क, शिकायत पेटी, छात्रवृत्ति, एन.एस.एस., एन.सी.सी., स्काउट गाईड, रेड रिबन, रेडक्रॉस, वुमनसेल एवं कैरियर काउंसलिंग से संबंधित समस्त जानकारियाँ छात्राओं को प्रदान की गई।

उक्त अभियान में कार्यक्रम के पश्चात् चारो विद्यालय के विद्यार्थियों से फीडबैक फार्म भरवाया गया उक्त फीडबैक फॉर्म में विद्यार्थियों की जानकारी के साथ ही उनकी विभिन्न विषयों में रुचि, महाविद्यालय में संचालित विषय के अतिरिक्त अन्य विषय का सुझाव, अभियान दल द्वारा दी गई जानकारी से संतुष्टि एवं आगामी सत्र में इस महाविद्यालय में प्रवेश की इच्छा से संबंधित प्रश्न रहें। चारो विद्यालय के प्राचार्यो के द्वारा उक्त कार्यक्रम की सफलता हेतु शुभकामनांए प्रेंषित की गयी।

उक्त अभियान का सफलता पूर्वक संचालन कार्यक्रम प्रभारी डॉ. अनुजा चौहान, डॉ. मंजुलता साव, डॉ. वंदना बंजारे, डॉ. व्ही. के. वासनिक द्वारा किया गया। पोषक शाला संपर्क अभियान को सफल बनाने हेतु प्रीति चंद्राकर, दीक्षा जोशी, अल्का बंछोर, दीपक ठाकुर, डॉ. वैभव शंकर सोनी, डॉ. संध्या सिंह यादव, डॉ. सुनीता तिवारी, यशवंत तिवारी, संतोष कुमार शुक्ला, उत्तम कुमार देशमुख, चन्द्रहॉस बेंदरे एवं विमल यादव का विशेष योगदान रहा।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

दुर्ग, दिनांक : **25.11.2025**

# //प्रेस विज्ञप्ति//

# कन्या महाविद्यालय द्वारा पोषक विद्यालय संपर्क अभियान







**(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)**
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)